दिनांक : 03.11.2025
समय : 01:00 पी.एम.
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राज्य सरकार ने फलौदी बस दुखान्तिका में मृतकों के आश्रितों को 10–10 लाख रूपये की आर्थिक सहायत देने की घोषणा की है। शिक्षा और जिला प्रभारी मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि जिस परिवार में तीन या इससे अधिक लोगों की मृत्यु हुई है उन्हें 25 लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

.................

प्रधानमंत्री राहत कोष से भी मृतकों के आश्रितों को 2–2 लाख रूपये की राशि दी जाएगी। गौरतलब है कि कल शाम फलौदी के मातोड़ा क्षेत्र में एक ट्रेलर और टेम्पो ट्रेवलर की टक्कर में 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में ईलाज किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश में नवाचार का आधुनिक तंत्र बनाने के लिए अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे अधिक सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को देश में निर्मित किया गया है। प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में विज्ञान और प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन 2025 के उद्‌घाटन अवसर पर बोल रहे थे। श्री मोदी ने इस अवसर पर देश में अनुसंधान और विकास तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान विकास और नवाचार योजना का भी शुभारंभ किया।

राज्य सरकार ने तीन ज़िलों में औद्योगिक परियोजनाओं के लिए रीको को भूमि आवंटन की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भीलवाड़ा, डीडवाना–कुचामन और फलौदी जिलों के लिए ये मंजूरी दी है। भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी क्षेत्र के कोदिया गांव में डीडवाना–कुचामन के मौजा भकरी मौलास में और फलौदी के आऊ के ग्राम हाजीसागर तथा टेणानाडी गांव के लिए ये स्वीकृति दी गई है।

सवाईमाधोपुर में पुलिस ने 60 मामलों में 75 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इन अपराधियों से 35 करोड़ रूपये के अवैध लेन–देन की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि जिले में ऑपरेशन एंटी वायरस के तहत ये कार्रवाई की गई। वहीं जिले में नकबजनी के एक अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने

सूरवाल, मलारना डूंगर, बौंली और चौथ का बरवाड़ा सहित कई स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था।

भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेशभर में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत 15 नवम्बर तक सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। डूंगरपुर में इस उपलक्ष में राज्य स्तरीय कला शिविर आयोजित किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन को विभिन्न कला माध्यमों से दर्शाया जा रहा है। इसी कड़ी में पाली में कल जिला प्रशासन और आयोजना विभाग की ओर से संतृप्ति शिविर लगाये गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि 53 शिविरों के माध्यम से सैंकड़ों लोगों को सामाजिक सुरक्षा और अन्य योजनाओं से जोड़ा गया।

पाली में आज जनजागरूकता शिविर लगाया जा रहा है। सीबीआई–एसीबी की ओर से रेलवे स्टेशन पर लगाये जा रहे इस शिविर के माध्यम से लोगों से संवाद कर उन्हें अधिकारों के प्रति सजग किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से सरकारी कार्यालयों में बिना किसी कारण कामों को लम्बित रखने, रिश्वत की मांग करने, भुगतान में देरी और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें दर्ज की जा रही हैं।

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में बीते चौबीस घंटों में उदयपुर सहित कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। इस बीच पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आज कई स्थानों पर मौसम का मिज़ाज बदला। सलूम्बर में सुबह तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ। जिले के सराड़ा, परसाद, सेमारी और जयसमंद क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज उदयपुर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं गरज के साथ बरसात के आसार हैं।